हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 अगस्त 2024


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


11 मां कौशल्या धाम निर्माण के लिए सहयोग हम सबकी जिम्मेदारी






12 गली-गली में जोरशोर से गूंजा गोविंदा आला ...







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24


# विगत 5 साल में डीएमएफ की राशि से हुए विकास कार्यों की होगी जांच

## कुआंगोंदी पहुंचे सांसद भोजराज ने कलेक्टर को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

आदिवासी विकासखंड डोंडी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुआंगोंदी में संचालित शासकीय उच्चतर विद्यालय के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग ने नाराजगी जताई है। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर बालोद से उक्त शाला भवन की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

साथ ही आदिवासी ब्लॉक डोंडी के ग्रामीण अंचलों में विगत पांच वर्षों में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से कराए गए कार्यों की भी जांच कराने की बात कही। ग्राम कुआंगोंदी में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के समापन के बाद सांसद श्री नाग ने कहा कि प्रदेश की पिछले कांग्रेस शासनकाल में जिले में स्कूल मरम्मत के नाम से करोड़ों की राशि की बंदरबाट की गई है। यह भवनों की मरम्मत के बाद भी टूट-फूट की घटनाओं से साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा और मोदी की गारंटी वाली सरकार है। अब आदिवासी अंचल के ग्रामों में विकास की गंगा बहेगी। आदिवासी अंचलों के विकास के लिए आई राशि का एक-एक पैसा विकास में खर्च किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शासकीय उच्चतर विद्यालय कुआंगोंदी में 27 अगस्त को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में सांसद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। शिविर समापन के बाद उन्होंने विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान भवन की स्थिति अच्छी नहीं दिखने पर शाला भवन निर्माण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उक्त शाला भवन निर्माण के जांच करने के निर्देश दिए।



### डीएमएफ की राशि में बंदरबांट का आरोप

इस दौरान कुंवर निर्वेंद्र सिंह टेकाम ने आरोप लगाया कि आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण अंचलों में विगत पांच वर्षों में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की राशि की जमकर बंदरबाट की गई। ग्राम सुकडीगहन में निवासरत कमार जनजाति के लिए बांस हस्तकला व्यावसायिक प्रशिक्षण के नाम पर लाखों रुपए की बंदरबाट की गई। वहीं, मनीष झा अध्यक्ष भाजपा मंडल डोंडी ने कहा कि डोंडी मंडल के तत्वाधान में पूर्व में भी खनिज न्यास मद के राशि से डोंडी विकासखंड में हुए कार्यों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। किंतु कांग्रेस शासन होने के कारण जांच नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि जांच होने पर बड़े घोटाले का खुलासा होगा।

## खबर संक्षेप

### तेजरफ्तार बस ने ट्रक को मारी टक्कर, 5 यात्री घायल




**बालोद।** धमतरी–कांकर मुख्य मार्ग 30 पर स्थित मरकाटोला घाटी के पास तेज़रफ़्तार यात्री बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बस में सवार पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दो को इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया, वहीं तीन का इलाज चारामा हॉस्पिटल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार पुरुर थाना क्षेत्र के धमतरी चारामा मार्ग पर मरकटोला घाट के पास बस क्रमांक सीजी 19एफ 0972 मालवाहक ट्रक को ओवरटेक कर रही थी। इस बीच यात्रियों से भरी बस ट्रक की चपेट में आ गई। इससे बस के सामने बैठे चार यात्रियों के साथ बस कंडेक्टर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बता दें कि ट्रक और बस दोनों रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहे थे। सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुँची पुरूर पुलिस ने तत्काल घायलों को चारामा हॉस्पिटल और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को धमतरी हॉस्पिटल इलाज के लिए रवाना किया।

### ग्राम कोकान स्थित जंगल में मिली युवक की लाश

**डौंडी।** थाना डौंडी क्षेत्र के ग्राम कोकान पहाड़ी जंगल में एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोषण कुंजाम पिता बलदेव कुंजाम उम्र 42 साल निवासी कोकान थाना डौण्डी की सूचना पर डौण्डी पुलिस ग्राम कोकान पहाड़ी मंदिर के पीछे जंगल पहुंची। वहां एक पेड़ पर छिंटदार संतरा रंग के गमछे के सहारे एक अज्ञात पुरुष की नग्न लाश फंदे पर लटकती मिली। मृतक की उम्र लगभग 40 साल बताई जा रही है। शव के पास ही मेहरून रंग की टी शर्ट एवं नील रंग का फुल पैंट मिला। वहीं, पैंट की जेब में तंबाकू, चूना तथा ब्लेड मिला है। शव को मरचुरी डौण्डी में सुरक्षित रखा गया है।

### किसान विपणन सहकारी समिति की बैठक कल

**गुण्डरदेही।** किसान विपणन सहकारी समिति गुण्डरदेही की वार्षिक सभा की बैठक 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे संस्था परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में संस्था के प्रगति प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण, 2024–25 के आय व्यय का अनुमोदन, 2023–24 के वित्तीय पत्रक का अवलोकन व अनुमोदन, 2023–24 तक प्रबंधकारिणी की बैठक में लिए गए प्रस्ताव निर्णय, अनुमोदन, संस्था के लेखा पुस्तकों का अंकेक्षण कराने के साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## घटना : बात करने में व्यस्त युवक ट्रेन का हॉर्न भी नहीं सुन सका

# ईयर फोन लगाकर पटरी किनारे बात करना पड़ा महंगा, ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

कान में ईयर फोन लगाकर बात करते हुए या गाना सुनते हुए मोटर साइकिल चलाना या पैदल चलना कितना घातक हो सकता है, इसका एक उदाहरण बालोद जिले के गुंडरदेही क्षेत्र में देखने को मिला। कान में इयरफोन लगाकर पटरी के किनारे चलना एक युवक को महंगा पड़ गया।

इयर फोन के कारण वह रेलगाड़ी की तेज आवाज भी नहीं सुन सका और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अपने कान में ईयर फोन लगाकर 20 वर्षीय युवक रेल लाइन के किनारे-किनारे बात करते हुए जा रहा था। इस बीच ट्रेन आई, हॉर्न भी दी गई, लेकिन ईयरफोन लगा होने के कारण युवक हॉर्न नहीं सुन सका और वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी की मौत हो गई। बता दें कि युवक जिज्ञासु देवांगन पिता दीनदयाल देवांगन 20 वर्ष निवासी परसाही हाल निवास चैनगंज रेलवे फाटक के समीप अपने कान में ईयर फोन लगाकार रेल लाइन के किनारे ही चल रहा था। इस बीच मड़ौदा दुर्ग की ओर से आ रही पैसेंजर की चपेट में आ गया।गुण्डरदेही पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।



- चैनगंज रेलवे फाटक के पास मड़ौदा दुर्ग की ओर से आ रही पैसेंजर की चपेट में आया

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक गंभीर




- शहर के सरदार पटेल मैदान के पास हुई दुर्घटना

**बालोद।** शहर के सरदार पटेल मैदान के नजदीक पोस्ट ऑफिस के ठीक सामने एक बाइक और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। आपको बता दें कि जिस जगह पर यह हादसा हुआ है वह काफी व्यस्तम मार्ग है। शहर में भारी वाहनों व मोटरसाइकिल की रफ्तार काफी तेज हो जाती है, वहीं शहर के व्यस्ततम मार्ग पर चलने वाले ट्रक, पिकअप, ट्रैक्टर जैसे अन्य मालवाहक जो लापरवाही बरतते हैं, उन पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसका खामियाजा छोटे वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। करीब डेढ़ माह पूर्व ही शहर के स्टेट बैंक के आस पास एक पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक चालक घायल हो गया था, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शहर के सड़कों पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से ऐसी घटनाओं में कमी नहीं आ रही है।

# कुसुमकसा में डायरिया का प्रकोप जारी, 75 पहुंची मरीजों की संख्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा में डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या तो कम हुई है, किंतु 27 अगस्त की रात उल्टी दस्त के दो और 28 अगस्त को एक मरीज को उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालोद रिफर किया गया। वहीं, 28 अगस्त को उल्टी दस्त के 6 नए मरीजों ने अस्थाई स्वास्थ्य कैंप पहुंचकर जांच कराई और दवा लेकर अपने घर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अब तक डायरिया के लगभग 75 मरीज स्वास्थ्य कैंप पहुंचे हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानिनों द्वारा डायरिया से पीड़ितों के घरों में पहुंचकर नियमित प्रभावित मरीजों ▶▶| शेष पेज 11 पर

- अस्थाई स्वास्थ्य शिविर के साथ ही घरों में भी जारी है मरीजों का उपचार

### अब तक नहीं पहुंचे जिलास्तर के अधिकारी

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुसुमकसा में डायरिया की बीमारी फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार से अस्थाई स्वास्थ्य कैंप लगाकर उपचार किया जा रहा है। लेकिन, अब तक जिलास्तर का कोई भी अधिकारी कुसुमकसा नहीं पहुंचा है। जबकि 27 अगस्त को जिला के सभी अधिकारी डोंडी विकासखंड के ही ग्राम कुआंगोंदी में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होने पहुंचे थे, जो कुसुमकसा होते हुए ही वहां गए थे। लेकिन मुख्य मार्ग पर होने के बाद भी किसी अधिकारी ने अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र कुसुमकसा पहुंचकर स्थिति का जायजा लेना मुनासिब नहीं समझा।

# सफाई के अभाव में खरपतवार से पटी नहर, खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए भले ही डैम एवं नहरों का निर्माण हो चुका हो, लेकिन जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की सफाई नहीं कराने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में अब खेतों को सिंचित करने के लिए खुद किसान ही नहरों की सफाई करने के लिए मजबूर हैं। सफाई के अभाव में करीब आधा दर्जन गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

- किसानों ने की नहर की सफाई कराने की मांग



उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के खपरी डैम से बडी संख्या में गांवों के खेतों की सिंचाई होती है। एक बड़ा भू-भाग व दर्जनों गांव इसी नहर पर निर्भर है। अभी पानी की ज्यादा आवश्यकता क्यों की एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है, इस क्षेत्र में पानी नहीं गिरा है, जिसके कारण यह समस्या आ रही है। नहर में पानी चलने पर ही किसान अपने खेतों में बोनी कर पाते हैं, जिससे अच्छी फसल होती है। लेकिन, इस वर्ष अभी तक आधी से अधिक नहर की जल संसाधन विभाग द्वारा साफ-सफाई नहीं करवाई गई है। इसके कारण नहरों में मौजूद घास सहित अन्य कचरे के कारण नहर से पानी निकलना संभव नहीं है। ऐसे में आधा दर्जन गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उधर पानी नहीं पहुंचने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। इसी से परेशान होकर ग्रामीणों ▶▶| शेष पेज 11 पर

## कलेक्टोरेट पहुंचे ग्राम जगतरा के किसानों ने बताई समस्या, की मांग

# जर्जर नाली के कारण खेतों तक नहीं पहुंच रहा पानी, किसानों ने कहा पक्की बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम जगतरा के दर्जनों किसान पानी की समस्या को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी की कमी नजर आने लगी है, जो वैकल्पिक सिंचाई के लिए एक छोटे छुईहा जलाशय पर निर्भर है, लेकिन जलाशय से निकलने वाले नाली की स्थिति बेहद दयनीय है, जिसके कारण ग्रामीणों को फसलों के लिए सिंचाई से वंचित होना पड़ रहा है।




इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याओं बताई और कच्ची नाली को पक्की कर सुदृढ़ीकरण करने की मांग की। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नोहर लाल मंडावी ने बताया कि ग्रामीण कच्ची नाली से पानी लेने के लिए प्रत्येक वर्ष जलकर चुकाते हैं, लेकिन जब फसलों को पानी की आवश्यकता होती है, तो नाली जर्जर होने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुँच पाता है। उन्होंने बताया कि नहर नाली को बनाने के लिए अब तक किसी तरह की कोई पहल सिंचाई विभाग के माध्यम से नहीं की गई है, जिसके कारण सभी किसान फसलों को बचाने और खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पक्की नाली निर्माण की मांग करने पहुंचे हैं।

### श्रम दान से नाली की सफाई

ग्रामीण मोहित कुमार लोहार, मंगल मांडवी, सोमन धनकर, किशोर निषाद ने बताया कि कुछ वर्षों पहले तक हम कच्ची नाली की सफाई श्रमदान से करते थे, लेकिन के समय अभाव के कारण श्रमदान का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा।

### ग्रामीणों की समस्या का विभाग ने जायजा लिया

ग्रामीण अपनी समस्या लेकर सिंचाई विभाग और कलेक्टर के पास पहुंचे तो ग्रामीणों के साथ वापस सिंचाई विभाग के इंजीनियर भी व्यवस्था देखने पहुंचे। किसानों को वर्तमान में पानी की बहुत ज्यादा आवश्यकता है, लेकिन खेतों तक नहर नाली के माध्यम से पानी पहुँच पाना मुश्किल साबित हो रहा है, क्योंकि नहर नाली में कई जगहों पर गड्ढा खोदा गया है।

## पोला त्योहार को केवल चार दिन शेष, तैयारियां जोरों पर

# मिट्टी से बने बैलों व जांता-पोरा से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पोला त्यौहार अब मात्र चार दिन शेष रह गया है। जिले के शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में पोला त्यौहार को धूमधाम से मनाने की तैयारी जारी है। भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह पोला त्योहार, खरीफ फसल के द्वितीय चरण का कार्य (निंदाई गुड़ाई) पूरा हो जाने पर मनाया जाता है।

फसलों के बढ़ने की खुशी में किसानों द्वारा बैलों की पूजा कर कृतज्ञता दर्शाने के लिए भी यह पर्व मनाया जाता है। त्योहार को देखते हुए बाजार में मिट्टी के बने नन्दी बैल की बिक्री खूब हो रही है। नंदी बैल 100 रुपए जोड़ी से लेकर 500 रुपए जोड़ी तक मिट्टी के बने नंदी बैल की बिक्री हो रही है। इसके साथ ही बालिकाओं के लिए, जांता-पोरा सहित मिट्टी से बने रसोईं में उपयोग में आने वाले खिलौनों की भी बिक्री हो रही है। पोला त्यौहार के दिन से ही तीज पर्व की भी तैयारी तेज हो जाती है और महिलाओं का अपने मायके जाना शुरू हो जाता है।

शहर से लेकर गांव तक पोला पर्व की रहेगी धूम दरअसल पोला पर्व कृषि आधारित पर्व है, लेकिन पोला पर्व की धूम शहर से लेकर गांव तक रहती है। घरों में बैलों की पूजा–अर्चना होती है। गांव के किसान सुबह से ही बैलों को नहला–धुलाकर सजाते हैं, फिर हर घर में उनकी विधि–विधान से पूजा–अर्चना की जाती है। इसके बाद घरों में बने पकवान भी बैलों को खिलाए जाते हैं। कई गांवों में इस अवसर पर बैल दौड़ का भी आयोजन किया जाता है।



### बैल और मिट्टी के खिलौने से समझते हैं संस्कृति व परंपरा

पोला त्यौहार के दिन मिट्टी और लकड़ी से बने बैल चलाने की भी परंपरा है। इसके अलावा मिट्टी के अन्य खिलौने भी बच्चे खेलते हैं। एक ओर जहां लड़के मिट्टी या लकड़ी से बने बैलों से खेलते हैं, तो वहीं बेटियां रसोईघर व गृहस्थी की संस्कृति व परंपरा को समझने मिट्टी से बने जांता-पोरा के साथ ही गृहस्थी में उपयोग आने वाले अन्य खिलौनों से खेलती हैं।

### ट्रांसफार्मर की चपेट में आया किसान साथियों ने पहुंचाया अस्पताल, बची जान

**बालोद।** खेत से काम कर घर लौट रहे 70 साल का बुजुर्ग किसान टांसफार्मर की चपेट में आ गया। गनीमत रही कि किसान को कुछ अन्य किसानों ने समय रहते बचा लिया और बिना देर किए उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर कर दिया। घटना बुधवार की शाम करीब 5 बजे ग्राम लाटाबोड़ की है। मिली जानकारी के अनुसार लाटाबोड़ निवासी राम रतन ठाकुर 70 वर्ष खेत से वापस घर आ रहा था। इस दौरान पैर फिसलने से नीचे गिर गया और नजदीक में स्थित एक ट्रांसफार्मर से टकरा गया, जिससे उसे करेंट लग गया। हालांकि कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे करेंट से बचा लिया।


पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल डेका से सांसद बृजमोहन ने की मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें बुके भेंट किया।

### कृषि मंत्री नई दिल्ली में ' एग्री पंचायत' कार्यक्रम में हुए शामिल




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित ' एग्री पंचायत ' कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उन्होंने खेती से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए तकनीक आधारित कृषि पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था को देश के अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाए जाने की सलाह दी। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे। श्री नेताम ने कहा, खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में संपन्नता से ही छत्तीसगढ़ विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने में अपना योगदान दे सकेगा।

### निषाद बने मछुआ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष



**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित निषाद समाज भवन में गत दिनों छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति का प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल हुए। इसके बाद फिर से एमआर निषाद को छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में समाज के मुख्य चुनाव अधिकारी मोतीलाल हिरवानी, सह-चुनाव अधिकारी गायत्री निषाद व झुमुकलाल निषाद का सहयोग रहा। उनके प्रदेशाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त की। हर्ष व्यक्त करने वालों में राजेंद्र धीवर, सुखऊ राम निषाद, गणेश निषाद, दीप कैवर्त, अजीत नाविक, ज्योति निषाद, रामझूल धीवर, विजय आदित्य, लक्ष्मी केंवट, रामसागर निषाद, माधव निषाद, धनेश कैवर्त, रामेश्वर कैवर्त, विक्की केंवट व समाजजन शामिल हैं।

# विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने पूछा- क्षेत्रीय कार्यालयों में आधे से अधिक पद खाली क्यों

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्राक्लन समिति ने सवाल किया है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबद्ध क्षेत्रीय कार्यालयों में अधिकतर पद रिक्त रखे गए हैं? 50 प्रतिशत से अधिक पदों को रिक्त रखे जाने के कारण क्या हैं। दरअसल विधानसभा की प्राक्लन समिति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आय व्यय के प्राक्लनों का परीक्षण कर रही है। इस समिति के सवालों का जवाब भेजा गया था। बाद में समिति ने एक और पत्र जारी कर कई और सवाल किए हैं।

## नगरीय निकायों और सूडा को देना है जवाब

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेश

विधानसभा की प्राक्लन समिति का पत्र इस माह के पहले हफ्ते में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मिलने के बाद संचालनालय ने इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण( सूडा) अपर संचालक, उप संचालक प्रशासन संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र जारी किया है। इसमें जानकारी दी गई है कि प्राक्लन समिति को 5 अगस्त 2019 को भेजी गई जानकारी पर विचार विमर्श के बाद बिंदुवार जानकारी चाही ई है। समिति द्वारा मांगी गई जानकारी शीघ्र बजट शाखा को देने कहा गया है।




### कितने शौचालय और गरीबों को दिए

विधानसभा की प्राक्लन समिति ने यह जानकारी भी मांगी है कि आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत विभागीय जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17, 2027-18, एवं 2018-19 में आयोजन मद के अंतर्गत ननगरीय निकायों के गरीब आदिवासियों के पेयजल, शौचालय तथा पक्का मकान उलब्ध कराने के संबंध में पिछले तीन साल की अवधि की निकायवार जानकारी के साथ कहा गया है कि शौचालय और पक्के मकान प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं।

### कम खर्च क्यों हुआ

समिति ने पूछा है कि अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम मद के अंतर्गत नगरीय निकायों के अनुसूचित जाति परिवारों को उनके अधोसंरना विकास जैसे सड़कों से संबंधित कार्य, पेयजल योजना, संबंधित कार्य राज्य शासन से विशिष्ट प्रयोजन ऋण प्राप्त कर नगरीय निकायों को उनके आय में वृद्धि करने के लिए ऋण स्वीकृत किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत पेयजल, शौचालय तथा पक्का मकान का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं साथ ही वर्ष 2016-17 में कम व्यय का कारण स्पष्ट करें।

### गरीबों को सक्षम बनाने के लिए क्या किया

यह भी पूथा गया है कि पिछले तीन वर्ष 2016 से 2019 तक की अवधि में नगरीय निकायवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कितने परिवारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए किस प्रकार का लाभ दिया गया? साथ ही इन गरीबों को पेयजल, शौचालय, पक्का आवास दिए गए हैं। ऐसे लाभार्थियों की सूची भी मांगी गई है।

**रणनीति : पीसीसी अध्यक्ष की सूची को जल्द मिलेगी हाईकमान की मंजूरी**

# कांग्रेस संगठन में गुटबाजी खत्म करने होंगे बड़े बदलाव, जिले और ब्लॉक में दिखेंगे नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन गुटबाजी खत्म करने बड़े बदलाव करने जा रहा है। संगठन में सभी रिक्त पदों को भरने के साथ नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए सभी लोगों को एकजुट करने का प्रयास शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एआईसीसी के नेताओं और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से चर्चा के बाद संगठन में जान फूंकने सूची हाईकमान को दे दी है। बताया जाता है कि जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही बदलाव का क्रम शुरू होगा।

प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर संभालने के बाद दीपक बैज ने पुरानी कार्यकारिणी में कुछ परिवर्तन कर उसे आगे बढ़ाया था। विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए ज्यादा परिवर्तन नहीं किए गए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान ही टिकट वितरण के बाद से ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, जो लोकसभा चुनाव तक चलता रहा। परिणाम यह हुआ कि पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। एआईसीसी ने




चुनावों में हार की समीक्षा के बाद जो सुझाव आए हैं, उनमें सबसे पहले संगठन को मजबूती देने का रहा। संगठन को मजबूती देने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को ऐसे पदाधिकारी जिनका काम ठीक नहीं, उन्हें बदलने और उनकी जगह नए लोगों को मौका देने कार्यसमिति से भी अनुमति मिल गई। अब हाईकमान के इस पर मुहर लगाते ही नए नाम सामने आएंगे। आने वाले दिनों में बदलाव देखने को मिलेगा।

### प्रदेश पदाधिकारी सहित कई पद रिक्त

प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश महामंत्री, सचिव और जिला अध्यक्ष सहित कई पद रिक्त हैं। इन पदों पर नए लोगों को नियुक्त किया जाना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार ये रिक्त पद कई समय से हैं। पहले भी इसे पूरा करने के प्रयास किए गए। सचिव के पद पर 50 से अधिक लोगों को हटाया जाएगा। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष और अन्य पदों पर नियुक्ति की जाएगी। बैज इसके माध्यम से अपनी कार्यकारिणी को नया रूप देने का प्रयास करेंगे। प्रदेश में नगरीय निकाय और विधानसभा उप चुनाव के पहले संगठन में नियुक्ति कर ली जाएगी।

### जिला और ब्लॉक से होगा बदलाव

प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहने के दौरान संगठन के साथ समन्वय को लेकर कई बार विवाद की स्थिति रही। चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों को तवज्जो नहीं मिली। इसके कारण पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष देखने में आया। अब इन बातों की समीक्षा कर जिला और ब्लॉक से ही बदलाव की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रदेश प्रभारी ने साफ तौर पर कहा है कि जिन जिला अध्यक्षों का कार्यकाल 4-5 साल हो गया है, उन्हें हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाए। ऐसे में यह सूची अगले माह के पहले सप्ताह तक आने की उम्मीद है।

# ग्राम चीचा पहुंचे संत राम बालक दास मंदिर निर्माण के लिए मांगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में ग्राम चीचा में भरदा खुर्द, अर्जुनी, नाहंदा, डगनिया, सकरौद, खप्परवाड़ा, देवरी (ख) मानस आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी जयंती महोत्सव एवं रामचरित मानस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत पाटेश्वर धाम महात्यागी राम बालकदास थे, अध्यक्षता जगदीश देशमुख राष्ट्रपति अलंकृत शिक्षक सम्मान, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ थे। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीनारायण गजभीम, तेज राम साहू, जगदीश राम साहू, जसवंत सिन्हा, प्रभुलाल निषाद, लोकेश्वर प्रसाद चन्द्राकर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर जामड़ी पाटेश्वर आश्रम के संत श्रीराम बालक दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी कौशल्या के पुत्र श्रीराम जी का पावन धाम अयोध्या में बन चुका है, अब बारी है छत्तीसगढ़ के बालोद जिला में मां कौशल्या जी के विराजमान होने की।

उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए सहयोग का आग्रह किया। इस अवसर पर अनेक लोगों ने मां कौशल्या धाम के निर्माण के लिए अपने-अपने संकल्प राशि का दान किया।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 सितंबर तक

**रायपुर।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र के लिए 1 सितंबर से 30 सितंबर की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथ-पत्र संलग्न होना अनिवार्य है। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से मिली जानकारी के अनुसार, लेखा प्रशिक्षण सत्र नवंबर 2024 से फरवरी 2025 के लिए 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भेज सकते हैं। यह आवेदन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला नगर घड़ी चौक रायपुर को 30 सितंबर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए।

# ओमेश्वरी ने जीती फैशन शो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



- स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में हुआ आयोजन

स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में सांस्कृतिक समिति द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी पूजा सोढ़ा ने बताया कि भारत विभिन्नता का देश है, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों के लोग निवास करते हैं। इससे छात्रों को अवगत कराने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 29 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिनमें से ओमेश्वरी देशमुख बीएससी अंतिम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, हरित बीएससी द्वितीय वर्ष ने द्वितीय एवं द्रौपदी बीकॉम वर्ष तृतीय तथा चतुर्थ स्थान पर ईशा साहू बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इसी तरह सांत्वना पुरस्कार भूमिका बीकॉम द्वितीय वर्ष, भावना बीए द्वितीय वर्ष तथा डॉली गुप्ता बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।निर्णायक डॉ सीमा जयसवाल वाणिज्य विभागध्यक्ष एवं विज्ञान प्रभारी अन्नपूर्णा यादव थे। मंच संचालन योगिता देशमुख तथा आभार प्रदर्शन हिन्दी की विभागाध्यक्ष जीवंतिका ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. डीके बैलेंद्र, सहायक प्राध्यापक वेद प्रकाश ठाकुर, डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ शिप्पी देवांगन, ओम प्रकाश, कामता प्रसाद बंजारे येवेंद्र सहित प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सशिमं संबलपुर में राधा-कृष्णा की वेशभूषा में पहुंचे बच्चे

**डौंडीलोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर डौंडीलोहारा में मनाया। भैया-बहनों ने फैंसी ड्रेस में श्रीकृष्ण-राधा की वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। श्रीकृष्ण-राधा की पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद मटका फोड़ का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य होमलाल पटेल, कार्यालय प्रमुख रेखा पटेल, घनश्याम दास बघेल आचार्य नंदकिशोर कोठारी , डेविड कुमार साहू लोमेश्वरी साहू ,उमा निषाद ,चित्ररेखा शर्मा सहित पालकगण उपस्थित रहे।



# 50 लाख का लक्ष्य पाने भाजपा को बनाने होंगे रोज एक लाख सदस्य

## 6 सितंबर से बूथों में प्रारंभ होगा अभियान, 51 दिनों का मिलेगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में प्रदेश भाजपा संगठन का लक्ष्य करीब 50 लाख सदस्यों का है। ऐसे में रोज एक लाख सदस्य बनाने होंगे, क्योंकि तीन चरणों में चलने वाले अभियान में संगठन को बमुश्किल 51 दिन मिलेंगे। यूं तो प्रदेश में तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पहला सदस्य बनाकर अभियान प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन वास्तव में अभियान का आगाज तब होगा, जब बूथों में 6 सितंबर से सदस्यता प्रारंभ होगी। हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पूरे देश में नए सिरे से सदस्यता बनाने का अभियान तय किया है। इसके तहत ही प्रदेश संगठन ने अपने लिए जो लक्ष्य तय किया है, वह पुराने सदस्यों से करीब 50 फीसदी ज्यादा है। भाजपा के 32 लाख पुराने सदस्य हैं। इस सदस्य संख्या को 50 लाख तक ले जाने का लक्ष्य है। यानी करीब 18 लाख नए सदस्य बनाएं जाएंगे। नए पुराने सदस्यों को मिलाकर हर बूथ में जो 200 सदस्यों का लक्ष्य है, वह ज्यादा बड़ा नहीं माना जा रहा है। लेकिन जो समय है, वह उतना नहीं है जितना होना चाहिए।



### सबकी जिम्मेदारी तय

सदस्यता अभियान के लिए सबकी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। एक तरफ जहां सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने हैं, वहीं विधायकों को भी 10-10 हजार सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। इसी के साथ प्रदेशभर के नगरीय निकायों के जन प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाने हैं। भाजपा के सक्रिय सदस्य और हर कार्यकर्ता को भी सदस्य बनाने का काम करना है। ऐसे में भाजपा नेता मानते हैं कि 50 लाख सदस्य बनाने का काम आसानी से पूरा हो जाएगा। 50 लाख सदस्य तो बूथों में ही बन जाएंगे, जन प्रतिनिधि जो सदस्य बनाएंगे वो तो एक तरह से बोनस होगा और सदस्यों की संख्या इसकी वजह से 50 लाख के पार हो जाएगी।

### तीन चरणों में अभियान

सदस्यता अभियान तीन चरणों में होना है, पहला 3 सितंबर से 25 सितंबर, दूसरा चरण 1 से 16 अक्टूबर तक और अंतिम चरण 16 से 31 अक्टूबर तक का सक्रिय सदस्यों के लिए है। यानी सामान्य सदस्यों के लिए देखा जाए तो सितंबर में 20 दिन और अक्टूबर में 16 दिनों का समय मिलेगा। यानी कुल 36 दिनों में लक्ष्य तक जाना है। हालांकि 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यों के लिए समय तय है, लेकिन भाजपा नेताओं का कहना है कि इस समय में भी किसी को भी सदस्य बनाने पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। ऐसे में माना जा रहा है कि करीब 51 दिनों का समय सदस्य बनाने के लिए मिल जाएगा। यानी हर दिन एक लाख सदस्य बनाने होंगे। सदस्यता अभियान से जुड़े भाजपा नेताओं का कहना है कि यह लक्ष्य और चुनौती ज्यादा बड़ी नहीं है। प्रदेश में 25 हजार बूथ हैं रोज एक बूथ में चार सदस्य बनाएंगे तो रोज एक लाख का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। एक बूथ में चार सदस्य बनाना आसान होगा। वैसे जब अभियान का प्रारंभ होगा तो पहले ही जिन बहुत ज्यादा सदस्य बन जाएंगे।

**खेल कोच ने कहा- खिलाड़ियों को राशि दूसरे राज्यों से बेहद कम**

# खेल दिवस पर अलंकृत होंगे प्रदेश के 97 खिलाड़ी, मिलेंगे 76 लाख के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार के साथ राशि जारी की जाएगी। विभाग ने मंगलवार शाम खिलाड़ियों के नाम की सूची जारी कर दी है, जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा 2021-22 व 2022-23 के लिए खिलाड़ियों को शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार समेत शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान व मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया जाएगा। विभाग के मुताबिक 97 पुरस्कार ग्राही खिलाड़ियों 76 लाख की पुरस्कार राशि मिलेगी। इसके अलावा पदक विजेता 502 खिलाड़ियों के बैंक खाते में 60.33 लाख जाएंगे। कुल खिलाड़ियों को 1 करोड़ 36 लाख 33 हजार जारी किए जाएंगे।कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री की उपस्थिति में खिलाड़ी पुरस्कृत होंगे।




### 7 ओलिंपिक खिलाड़ी होंगे अलंकृत

इस बार शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार में वर्ष 21-22 के लिए चार खिलाड़ी और नॉन ओलंपिक खेल में 1 और पैरा स्टोट्स में 1 खिलाड़ी अलंकृत होंगे। इसके साथ ही शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2021-22 में तीन खिलाड़ी शामिल हैं। नॉन ओलिंपिक में 2 और पैरा स्पोर्ट्स में 1 खिलाड़ी है। 2021 से 2023 बीच मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए 34 खिलाड़ियों को चयन किया गया है। लगातार दूसरा खेल अलंकरण होने से खिलाड़ियों में उत्साह है।

### दूसरे राज्यों की तुलना में राशि कम

खेल अलंकरण को लेकर राशि जारी होने के बाद हरिभूमि ने विभिन्न खेल कोच और खेल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत की। खेल कोच संजय शुक्ला का कहना है कि सरकार और खेल विभाग के गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को देने वाली राशि बढ़ानी चाहिए। वर्तमान में छग के खिलाड़ियों को जो राशि मिलती है, यह दूसरे राज्यों से बेहद कम है। अन्य राज्य में सीनियर वर्ग में एक गोल्ड मेडलिस्ट में 50 हजार तक मिलते हैं, जो यहां 25 हजार है। जूनियर को 10 और सब जूनियर 5 हजार की राशि मिलती है।

### ओलिंपिक और नॉन ओलिंपिक का अलग हो ग्रेड

तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश मुरारका का कहना है कि खेल अलंकरण प्रतिवर्ष होने से खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ता है। विभाग को ओलिंपिक और नॉन ओलिंपिक खिलाड़ियों के लिए खेल अलंकरण के लिए अगल से ग्रेड तय करना चाहिए। वर्तमान में दोनों को एक ही तरह की राशि जारी होती है। ओलिंपिक खिलाड़ियों के लिए अलग से राशि का निर्धारण करना चाहिए था। ग्रेड अलग होने से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। यह भी एक तरह का सम्मान होगा।

# हामिद ने कहा- अडाणी को बचाने की हरसंभव कोशिश की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एआईसीसी प्रवक्ता हामिद हुसैन ने हिंडनबर्ग मामले में भाजपा को घेरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजधर्म नहीं निभाने का आरोप लगाया। छग कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में मीडिया से बातचीत में श्री हुसैन ने कहा कि हम चाहते हैं, हिंडबनर्ग रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की जांच जेपीसी से कराई जाए। साथ ही सेबी चीफ पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

कांग्रेस का आरोप है कि मोदी देश के लिए नहीं, बल्कि अडाणी के लिए काम कर रहे हैं। श्री हुसैन ने कहा कि 'मोदीजी नहीं, बल्कि अडाणी और अंबानी मिलकर सरकार चला रहे हैं। हमारी मांग है कि सेबी के चेयरमैन को पहले हटाना चाहिए। उनके खिलाफ जांच होनी चाहिए और एसआईटी गठित कर अडाणी के साथ मोदीजी




के रिश्ते को लेकर जेपीसी से इसकी जांच करानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

हिंडनबर्ग मामले को लेकर कांग्रेस लगातार बीजेपी पर हमला कर रही है। इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन भी किया है। कांग्रेस ने कई राज्यों में ईडी दफ्तर का घेराव कर अपना विरोध भी जताया है। रायपुर में भी कांग्रेस ने ईडी दफ्तर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया था।

## खबर संक्षेप



### पत्रकार ने सरपंच के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**लाटाबोड़।** जिले के बालोद विकासखंड अंतर्गत लाटाबोड़ निवासी पत्रकार असवन कुमार साहू ने ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच के खिलाफ झूमाझटकी, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। एफआईआर दर्ज कराने के दौरान असवन साहू के साथ दीपक देवांगन, देवधर साहू, अजय देशमुख, संजय रामटेके, लोकेश साहू, भारत साहू सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

### शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद् पंचराम ने कराया न्योता भोज



**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला खोरदो में शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद् पंचराम साहू ने न्योता भोज कराया। इस दौरान प्रधानपाठक नरेश कुमार साहू एवं शिक्षक फलेश कुमार साहू तथा रघुनाथ साहू एवं हीरामणी सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** मेजर ध्यानचंदजी की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालोद तथा जिला हॉकी संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आज

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 29 अगस्त को किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. जेके सिंह ने बताया कि बच्चों तथा किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हेतु जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 29 अगस्त को किया जाएगा। इसके अन्तर्गत 01 से 19 साल के बच्चों तथा किशोर–किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मिलीग्राम की गोली का सेवन उनके स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में कराया जाएग। शेष रह गए बच्चों को 4 सितम्बर 2024 को मॉपअप दिवस में कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। मितानिनों द्वारा स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं जाने वाले 01 से 19 वर्षीय बच्चों एवं किशोर–किशोरियों को नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में दवाई का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के कुल लक्षित बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण की जा चुकी हैं।

---

**आयोजन : सांसद विजय और विधायक ललित ने किया नए शाला भवन का लोकार्पण**

# ग्राम रुदा में हाई स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिला नया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

■ कक्षा 9वीं की छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाड़ा के आश्रित ग्राम रुदा में सांसद दुर्ग विजय बघेल व विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर सहित पहुंचे अतिथियों ने नए हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। वहीं अतिथियों ने स्कूल के मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कक्षा नवमी की 33 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकल वितरित किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि कम संसाधन के बावजूद स्कूली बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। अब बच्चों को बेहतर सुविधा मिले, यही प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्राचार्य जेआर साहू ने हाई स्कूल का प्रतिवेदन पढ़ा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलंचदन, सरंपच भोथली सुरेश साहू, शाला विकास समिति रुदा अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, भाजपा के माधव प्रसाद देशमुख, मुकेश बेलंचदन, पूर्व जनपद सदस्य भूपेन्द्र बेलंचदन, भैयालाल साहू, स्काउट प्रभारी विरेन्द्र गात्रे, व्याख्याता दशरथ साहू रहे, वही कार्यक्रम में आभार शिक्षक अविनाश अवस्थी ने किया।

**प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित**



### विद्यार्थियों को और बेहतर सुविधाएं देने का करेंगे प्रयास : ललित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि नया स्कूल भवन मिलने बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्कूल को और बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास करेंगे। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार गांव, गरीब, किसानों के साथ सबके विकास का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। गौरतलब है कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बीस करोड़ से ज्यादा के विकास कुछ महीने में स्वीकृत हुए हैं।

---

## शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस




**अंडा।** शासकीय नवीन कॉलेज बोरी के प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर के मार्गदर्शन में भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस सत्र का संचालन भूगोल विभाग प्रमुख भागवत कुर्रे ने किया। श्री कुर्रे ने बताया कि देश के अंतरिक्ष मिशनों की शानदार उपलब्धियों को उजागर करने के लिए भारत सरकार ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया है। भूगोल विषय के अध्ययन के साथ रिमोट सेंसिंग के अध्ययन के माध्यम से आप भी अपना भविष्य इन क्षेत्रों में बना सकते। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमरनाथ शर्मा ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में छात्र-छात्राएं आगे बढ़कर इन्हीं क्षेत्रों में अपनी सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक सहित अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बीए प्रथम सेमेस्टर व बीए सेकंड एवं बीए थर्ड ईयर के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### आरडीए कॉलोनी में पीलिया मितानिन और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने की जांच

**रायपुर।** बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में दूषित पानी का सेवन करने से दर्जनभर लोग पीलिया से पीड़ित हुए। इनमें से 4 मरीजों का उपचार चल रहा है। बाकी के ज्यादातर मरीज उपचार कराकर घर लौट गए हैं। पानी में कीड़े मिलने के बाद रहवासियों के साथ वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर ने आरडीए के अधिकारियों को इसकी शिकायत की, पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। बाद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बाद कालोनी में मितानिन और स्वास्थ्य कर्मचारियों की मदद से कॉलोनी में सर्वे कराया गया।

---

## शुक्लाडीह व कुम्हली में धूमधाम से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम शुक्लाडीह एवं कुम्हली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होंने कहा कि द्वापरयुग में श्री कृष्ण का अवतरण गौमाता की सेवा में समर्पित रहा। हमने विगत 5 वर्षों तक श्री कृष्ण की कृपा से गौमाता एवं सर्वसमाज के हित के लिए निरंतर कार्य किया। आज परिस्थिति बदल गई है, गीता ग्रंथ मात्र बन के रह गया है, हम सभी को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया खेल मटका फोड़, कुर्सी दौड़ एवं कबड्डी तथा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, फुगड़ी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत दुर्ग अशोक साहू, राजेश ठाकुर, महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला, उमाकांत चंद्राकर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस जनपद पंचायत कविता साहू, सभापति रूपचंद साहू, देवकुमार निषाद, विष्णु चंद्राकर, भेष आठे, छोटू बघेल, दुर्योधन चंद्राकर सहित नारायण निषाद, राजेंद्र यादव, भविष्य जैन, विशेश्वर साहू, टिकेंद्र साहू, लखन निषाद, जीतू निषाद के अलावा बड़ी संख्या में दोनों ग्रामों के ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मां कौशल्या धाम निर्माण के लिए सहयोग हम सबकी जिम्मेदारी

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय श्री पाटेश्वर आश्रम के संचालक संत श्री रामबालक दास महात्यागी ने निर्माणाधीन माँ कौशल्या धाम के सहयोग के लिए भिलाई नगर में विभिन्न स्थानों पर संपर्क किया। इस दौरान वे भिलाई वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के निवास पर आयोजित बैठक में भी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्री पाटेश्वर आश्रम में माँ कौशिल्या धाम के निर्माण के लिए हर सनातनी रामभक्तों का योगदान जरूरी है। विधायक रिकेश सेन ने निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया और साथ ही अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को लेकर श्री पाटेश्वर आश्रम आने का न्योता स्वीकार भी किया।

इस अवसर पर श्री सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी माँ कौशिल्या का मंदिर भव्य रूप से श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में बनने जा रहा है, यह हम सभी छत्तीसगढ़वासियों के लिए गौरव की बात है। मंदिर निर्माण के लिए सहयोग करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसी क्रम में भारती प्रेमनारायण साहू के परिवार से संतश्री ने मुलाकात की।



## मतवारी ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

■ जन्माष्टमी के अवसर पर कलंगपुर में हुआ शानदार आयोजन



गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कलंगपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान ग्राम कलंगपुर में कबड्डी का आयोजित की गई। फाइनल मैच की विजेता मतवारी ग्राम की टीम रही, वहीं उपविजेता भोथीपार की टीम रही। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद थे, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की।

विशेष अतिथि भोजराम साहू, गोविंद सिन्हा ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व सरपंच खिलेंद्र साहू, सरपंच पेंडरी राजेंद्र जैन, विकास जैन, मोजी गुरुजी शामिल हुए। सभी विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि ग्रामवासियों के सकारात्मक प्रयास से आसपास के प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जो सराहनीय पहल है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि वे भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव पर ऐसे शानदार आयोजन के लिए निश्चित तौर पर आयोजन समिति के सदस्य बधाई के पात्र हैं। भगवान श्री कृष्ण जी भी अपने बाल्यकाल में विभिन्न अठखेलियां करते थे। आज उनके जन्मोत्सव को वृहद स्वरूप प्रदान करने यह भव्य आयोजन निश्चित तौर पर सकारात्मक पहल है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



---

## जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अमित ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर अमित चोपड़ा को घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री चोपड़ा ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले श्री चोपड़ा ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।



स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य श्री खालको ने महाविद्यालय की समस्याओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जन भागीदारी अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने कहा कि मैं इसी महाविद्यालय से निकलकर आज यहां पर पहुंचा हूं। उन्होंने छात्र हित के लिए जानकारी मिलने पर सभी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनसहयोग इस कॉलेज को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के बालोद जिला अध्यक्ष पवन साहू, यशवंत जैन और राकेश यादव ने भी कॉलेज में विद्यार्थियों की समस्याओं को दूर करने के लिए पूरा प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, कमलेश सोनी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, लाले शर्मा, पालक ठाकुर, पंकज आहूजा, अंबिका यादव, गिरजेश गुप्ता, अजय बाफना, हितेश्वरी कौशिक, प्राची लालवानी, प्रीति देशमुख, श्वेता राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### कुसुमकसा में डायरिया का ...

स्वास्थ्य की जांच कर दी गई। इसके साथ ही दवाइयों का नियत समय पर सेवन करने तथा पानी उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है इस बीच जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी ने कुसुमकसा पहुंचकर डायरिया पीड़ित ग्रामीण से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अटल समरसता भवन में लगाए गए अस्थाई स्वास्थ्य कैंप पहुंचकर मरीजों व उनके उपचार के बाद स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उपचार के लिए दवाईयों के भंडारण की जानकारी लेते हुए किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराने को कहा। उन्होंने बीएमओ से दूरभाष पर अस्थाई स्वास्थ्य कैंप को मरीजों की संख्या नगण्य होने तक लगाने को कहा।

**कूलर नहीं होने से उमसभरी गर्मी ने बढ़ाई परेशानी:** बता दें कि गांव के ही अटल समरसता भवन में अस्थाई स्वास्थ्य शिविर लगाकर डॉक्टरों के साथ ही विभाग के कर्मचारी डायरिया पीड़ितों के उपचार में जुटे हैं। लेकिन, उमस भरी गर्मी में अटल समरसता भवन में कूलर की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, वहां उपचार कराने आ रहे मरीजों को भी समस्या हो रही है।

**दूसरे अस्पताल पहुंचाने नहीं मिल रहा सरकारी वाहन:** अस्थाई स्वास्थ्य कैंप में उल्टी-दस्त से गंभीर रूप से पीड़ित ग्रामीणों को उचित उपचार के लिए रेफर करने पर ग्रामीणों को वाहन की व्यवस्था के लिए भटकना पड़ रहा है। 108 वाहन को पहुंचने में काफी समय लगता है। गरीब ग्रामीणों को मरीज को छोड़कर वाहन की व्यवस्था के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा पीड़ित ग्रामीण को उचित उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे पीड़ितों को सही समय पर उच्च अस्पताल में उपचार का लाभ मिल सके।

### सफाई के अभाव में ...

ने अब खुद ही नहरों की साफ-सफाई करना शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि विभाग ने न तो सुध ली है ओर न ही उन्हें इस बात की चिंता है कि वह नहरों की सफाई करा सकें। ऐसे में फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा था। इसके कारण अब नहरों की सफाई हमें खुद को करनी पड़ रही है। हर साल नहरों को लेकर यही स्थिति रहती है।किसानों ने बताया कि जो नहरें फूट गई हैं, उन्हें भी विभाग द्वारा दुरुस्त नहीं कराया जा सका है। जिसके कारण नहर का जो पानी है इसके कारण एक तो पानी की बर्बादी हो रही है और दूसरे पानी का खेतों में उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर कई बार विभाग को अवगत करा दिया गया, लेकिन विभाग ने अभी तक इस ओर ध्यान तक नहीं दिया है। ऐसे में ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने नहर दुरुस्त करने की मांग की है।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

**न्यायालय तहसीलदार डौण्डीलोहारा, जिला–बालोद छ.ग.**

**ईश्तहार**

विषयांतर्गत लेख है कि कार्यालय कलेक्टर बालोद, जिला बालोद का पत्र क्र./417/प्र.कले. / 2023 बालोद दिनांक 10.08.2023 के अनुसार आवेदिका इतिशम परवीन आं. एजाजुद्दीन अन्य 06 निवासी ग्राम कुसुमकसा तहसील डौण्डी द्वारा ग्राम किल्लेकोडा तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 11, 12, रकबा 0.60. 0.82 हे कुल ख.न. 02 कुल रकबा 1.42 हे भू.रा. 2.47 रू भूमि को आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के अंतर्गत छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अन्तर्गत भूमि विक्रय की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्तानुसार आवेदित भूमि को विक्रय के अनुमति लिये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति, आक्षेप पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने मान्य अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 11/09/2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में दावा / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/20284 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

### पीएम आवास में 1133 मकानों के लिए निगम को मिले 4500 आवेदन

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नगर निगम को चार गुना ज्यादा आवेदन मिल रहे हैं। 4 अलग-अलग लोकेशन पर मकानों के लिए 13 अगस्त तक आवेदन मंगाये गये। इसमें 1133 आवास के लिए 4500 आवेदन प्राप्त हुए। कचना, दलदलसिवनी, सोनडोंगरी और मठपुरैना में निर्मित बहुमंजिला आवास के लिए आवेदकों को टोकन जारी कर ऑनलाइन दस्तावेजों का परीक्षण कार्य इन दिनों किया जा रहा है। राजधानी में नगर निगम द्वारा किरायेदारों को किफायती दर पर आवास उपलब्ध कराने मोर मकान मोर आस के ईडब्लूएस आवास आवंटन के लिए आवेदन मंगाये गये हैं। 4 लाख 75 हजार लागत के इस बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट में केन्द्र सरकार द्वारा 1.50 लाख रुपये की सब्सिडी हितग्राहियों को दी जा रही है। इस तरह 3 लाख 25 हजार रुपये से लेकर 3 लाख 38 हजार में पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संत रविदास (अहिरवार) समाज की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

**डौंडीलोहारा।** संत शिरोमणि रविदास (अहिरवार) समाज जिला बालोद संत रविदास भवन दल्लीराजहरा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आदित्य कुमार खरे पिता गजेंद्र खरे निवासी भरदा लो.के नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं वार्षिक बैठक के लिए कार्य योजना तैयार की गई। जनवरी 2025 में वार्षिक महासभा रखने की सहमति बनी। बैठक के दौरान समाज में फैली कुरीतियों एवं सामाजिक सोच में बदलाव लाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष कल्याण भांडेकर, उपाध्यक्ष सुरेश बरखे, सचिव लेखराज मालेकर, उपसचिव अर्जुन चौरे, मीडिया प्रभारी प्रदीप मालेकर, अंकेक्षक गोपानंद खरे सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष तथा अन्य सदस्य शामिल हुए।

### राज्यस्तरीय स्पर्धा में मुनींद्र कुमार ने बेंच प्रेस में जीता कांस्य पदक



**बालोद।** दुर्ग में राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता फिटनेस वर्ल्ड जिम के कोच मुनींद्र कुमार साहू ने बेंच प्रेस प्रतियोगिता में 105 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए नरेंद्र कुमार साहू, जाहिर भाई, संतोष वासनिक, जितेंद्र पटेल, शार्दुल मिनपाल, खिलेस सोनकर सहित जिम बालोद के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### रिसाली में पेयजल की समस्या निराकरण

**भिलाई।** रिसाली निगम क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के दौरान पाइपलाइन में लीकेज की शिकायतें सामने आई थी। इसके बाद इन पाइपलाइनों का मेंटेनेंस कराया गया। अधिकारियों का दावा है कि पानी सप्लाई को लेकर अब स्थिति सामान्य हो चुकी है। आंगनबाड़ी से लेकर सार्वजनिक और घरों तक बिछी पाइपलाइन के संधारण से बच्चों को राहत मिल रही है। रिसाली निगम क्षेत्र में पानी से संबंधित 22 आवेदन थे, जिसे प्राथमिकता से निराकरण किया। आमतौर पर यह शिकायतें अगस्त प्रथम सप्ताह में सामने आई। जन समस्या निवारण शिविर में लोगों ने आवेदन किया। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शिविर के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसके तहत पेयजल की समस्याओं का निराकरण किया गया।

**पर्व :** अंचल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी, जगह-जगह हुए कार्यक्रम

# गली-गली में जमकर गूंजा गोविंदा आला रे बाल ग्वालों ने मटका फोड़कर लूटा दही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा मेंश्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम सार्वा संस्थापक सदस्य सरस्वती शिशु मंदिर डौंडीलोहारा थे, अध्यक्षता डोमार सिंह साहू प्राचार्य स.शि.मं. डौंडीलोहारा ने की। विशेष अतिथि तोषण चुरेन्द्र सरपंच ग्राम पंचायत धनगांव, अभिभावक (मातृशक्ति) महेंद्राणी कंवर ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ आचार्य तोरण ठाकुर ने अतिथि परिचय एवं स्वागत किया। उसके बाद कक्षा प्रभात, अरुण और उदय व प्रथम तक के भैया बहनों श्री कृष्ण व राधा की वेशभूषा में मंच पर पहुंचे। सभी भैया बहनों की पूजा-आरती की गई। मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने कहा कि श्री कृष्ण जी ने अनुशासन में रहकर धरती को पाप मुक्त किया, जब-जब अधर्म व पाप बढ़ा वे धरती पर भगवान अवतरित हुए और हम सबको समाज कार्य के लिए प्रेरित किया। उसके बाद विद्यार्थियों ने गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंध समिति के सभी सदस्य,आचार्य,दीदियां अभिभावक बंधु, मातृ शक्ति आदि सभी का योगदान रहा।





## सरस्वती शिशु मंदिर गुरुर में रही जन्माष्टमी की धूम

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर गुरुर में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर महिमा साहू थीं, अध्यक्षता पूर्व जनपद अध्यक्ष इशा प्रकाश साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंद किशोर शर्मा, बालाराम सोनवानी, कविता सिन्हा, प्रीति बाला दास, त्रिवेणी साहू, प्रीति पवार थे। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। विद्यालय के भैया बहन राधा-कृष्ण की वेशभूषा में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने जन्माष्टमी उत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उसके बाद स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू, गिरेंद्र शर्मा, सुदर्शन साहू, मनीष कुमार, टुकेश्वरी, सरोज, भुनेश्वरी, रेखा रावटे, कुमारी, रेवती यादव, दुर्गेश्वरी साहू, सुनीता नेताम एवं पालकगण भी उपस्थित थे।







## गुरूर में रायपुर की टीम ने दही हांडी फोड़कर जीता पहला पुरस्कार



**गुरूर।** नगर में धूमधाम से कृष्णा जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर देऊर मंदिर गुरुर से भगवान श्री कृष्ण एवं राधा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो दोपहर आंबेडकर चौक से होते हुए बस स्टैंड में समाप्त हुई। बस स्टैंड में भव्य दही हांडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित अंचल से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। लोगों में काफ़ी काफी उत्साह दिखाई दे रहा था। दही हांडी कार्यक्रम में रायपुर की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जिसे ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन श्री राम हिंदू संगठन के सदस्यों द्वारा किया गया। पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहा।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में प्रदर्शित की कृष्ण जन्माष्टमी की चैतन्य झांकी

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी की चैतन्य झांकी का समापन किया गया। इस अवसर पर अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक जयसिंह साहू, सुमन साहू, पार्षद कमलेश सोनी, पार्षद पद्मिनी साहू, पीआर चुरेंद्र एवं ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके.विजयलक्ष्मी दीदी के कर कमलों से दीप प्रज्वलन करके झांकी का शुभारंभ किया गया। चैतन्य झांकी में वर्णित श्री कृष्ण जी की विभिन्न बाल लीलाओं का ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने आध्यात्मिक रहस्य समझाया। बच्चों द्वारा श्री कृष्ण जी की अलग-अलग लीलाओं पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि आत्मज्ञान भवन में 1 सितंबर से पांच दिवसीय राजयोग शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 7:30 से 8:30 एवं शाम 7:30 से 8:30 होगा व कोई भी एक समय सुनिश्चित करके हर कोई इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।








## परसोदा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ अखंड रामायण पाठ



**बालोद।** ग्राम पुराना पारा परसोदा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अखंड रामायण का पाठ किया। अखंड रामायण पाठ 24 घंटे चलने के बाद मंगलवार को दोपहर 3 बजे समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने अच्छी फसल की कामना की। गांव के सभी किसान अखंड रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए। रामायण समापन के बाद राधे कृष्ण राउत परिवार द्वारा भगवान श्री कृष्ण बलराम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम में जगह–जगह दही लूट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीपक यादव, डा बिसंभर सिंह सिन्हा, टेंगन मरकाम, गोवर्धन नेताम, बसंत साहू, रामचन्द्र नेताम, धर्मेंद्र साहू, अश्विनी सिन्हा, बिरेंद्र मेश्राम, शाखाराम, पंचराम सिन्हा, गोपाल, राधेश्याम मंडावी, कौशल, नीलकमल, प्रेमलाल पटेल के साथ समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



## मोखला मांझी मंदिर से निकली भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा

**बालोद।** जिला मुख्यालय के मरार पारा स्थित मोखला मांझी मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर के कई चौराहों पर युवाओं की टोली ने हांडी फोड़ी और दही लूट का आनंद लिया। युवाओं की टोली ने डीजे के धुन में थिरकते हुए शहर का भ्रमण किया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच दही हांडी फोड़ का कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न हुआ।




## दही लूटने शहर भर घूमती रही गोविंदा की टोली, फोड़ी हांडी



**बालोद।** सोमवार की रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के बाद मंगलवार की शाम नगर में विभिन्न जगहों पर दही हांडी फोड़ का आयोजन किया गया। नन्हें बच्चों को भगवान कृष्ण की वेशभूषा में तैयार कर दही हांडी फोड़कर दही लूट का आनंद लिया। इसके लिए युवाओं ने ग्रुप बनाकर करीब 20–25 फूट ऊपर बंधी हांडी को फोड़ा। शहर के पाण्डेपारा, बुधवारी बाजार, मरारपारा, जय स्तंभ चौक तथा कर्मा काम्प्लेक्स के पास दही हांडी फोड़ का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान लोग डीजे की धुन पर थिरकते रहे और हाथी-घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की तथा गोविंदा आला रे आला जैसे गाने बजते रहे।

## रेंगाडबरी में यादव समाज के लोगों ने की विशेष पूजा



**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में कोसरिया यादव समाज के आसपास के 15 से 18 गांव के लोगों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया। दोपहर में पं.लोचन प्रसाद शर्मा द्वारा पूजा पाठ व हवन किया गया। संध्या 6 बजे प्रसाद के रूप में खीर पूड़ी व फल वितरण किया गया। नेमन साहू ने बताया कि जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रात्रि में आल्हा ऊदल का कार्यक्रम रखा गया था।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## थोक सब्जी मंडी के 300 हमालों का कराया बीमा

**भिलाई।** परिवार के दो जून रोटी के लिए कमरतोड़ पसीना बहाने वाले मेहनतकशों को काम के दौरान दोहरी मार पड़ती है। उन्हें बीमारी के साथ दुर्घटनाग्रस्त होने का भी अंदेशा बना रहता है। इसे देखते हुए आकाशंगा थोक सब्जी मंडी में काम करने वाले हमालों और रेजा का तीन लाख रुपए का मुफ्त बीमा कराया गया है। भिलाई मंडी प्रदेश की पहली मंडी है जहां हमालों का निशुल्क बीमा कराया गया है। भिलाई थोक सब्जी विक्रेता संघ के इस अनुकरणीय कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है। हमालों ने इसे बड़ी मदद बताया है। आकाशगंगा सब्जी मंडी प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी है। यहां तीन सौ हमाल और रेजा वर्षों से काम करते हैं। काम काफी हार्ड वर्क होता है। सेहत व हादसे का जोखिम भी बना रहता है।

